SJU Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, शनिवार 15 दिसम्बर 2018 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-78

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छग मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह टला

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह टला, 16 और 17 को हो सकता है शपथ ग्रहण।

### हमारी प्राथमिकता कृषि क्षेत्र तथा युवाओं के लिए रोजगार पैदा करना होगा -कमलनाथ

भोपाल। मध्य प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है, मैं जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं, और उम्मीद करता हूं कि हम उन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, जो उन्होंने हमसे और कांग्रेस पार्टी से लगाई हैं, हमारी प्राथमिकता कृषि क्षेत्र तथा युवाओं के लिए रोजगार पैदा करना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**फड़णवीस की निर्वाचन के खिलाफ याचिका**

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस का निर्वाचन रद्द करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए बृहस्पतिवार को उन्हें नोटिस जारी किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि फड़णवीस ने विधानसभा चुनावों के दौरान अपने हलफनामे में उनके खिलाफलंबित आपराधिक मामलों का खुलासा नहीं किया था। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफदायर याचिका पर फड़णवीस से जवाब मांगा। बंबई उच्च न्यायालय ने उपरोक्त आधार पर फड़णवीस का निर्वाचन रद्द करने की सतीश उके नामक व्यक्ति की याचिका रद्द कर दी थी। न्यायालय अदालत के आदेश के खिलाफउके की याचिका पर सुनवाई कर रही है।

### शाहिद के साथ फिल्म हैदर में काम कर चुका एक्टर बना आतंकी

**सेना ने एनकाउंटर में मार गिराया**

श्रीनगर (आरएनएस)। श्रीनगर के बाहरी इलाके में सेना ने मुठभेड़ के दौरान आतंकी साकिब बिलाल को मार गिराया है। बता दें कि ये वहीं साकिब है जो विशाल भारद्वाज की फिल्म हैदर में कैमियो करता नजर आया था। साकिब बिलाल थिएटर आर्टिस्ट था। वह अगस्त में एक अन्य युवा के साथ गायब हो गया था और वह लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी संगठन से जुड़ गया था। दोनों लड़के 31 अगस्त को घर छोड़कर चले गए थे। कुछ दिनों पहले उसकी एक फोटो आई थी जिसमें उसने हाथ में गन पकड़ी हुई थी। इसी के बाद ये तय हो गया की साकिब आतंकियों के संगठन से जुड़ गया है। साकिब की मां ने कहा कि उसे थिएटर और फुटबॉल का शौक था। साथ ही वो क्रिकेट भी मन से खेलता था। साकिब के परिवारवालों ने कहा कि हम नहीं समझ पाए कि वह क्यों आतंकी बन गया। 9 दिसंबर साकिब और एक अन्य युवा श्रीनगर के बाहरी इलाके में मुजुंड में सुरक्षा बलों के साथ 18 घंटे की मुठभेड़ के बाद मारे गए।

### अब ऑनलाइन नहीं बिक सकेंगी दवाएं

**दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई रोक**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले मद्रास हाईकोर्ट भी यह कदम उठा चुका है। कोर्ट ने एक याचिकाकर्ता जहीर अहमद की याचिका पर फैसला सुनाते हुए ,कहा है कि इन दवाइयों से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, इसलिए इन दवाइयों पर तुरंत ही बैन किया जाए।

### दो महिलाओं सहित दस और लोग आईएस में शामिल

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। दो महिलाओं सहित दस और लोग आईएसआईएस में शामिल हो सकते हैं। इस पुलिस ने इस बात का संदेह जाहिर किया है।

# राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं की खारिज

## केन्द्र सरकार को मिली बड़ी राहत



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने आज शुक्रवार को राफेल लड़ाकू विमान खरीद प्रक्रिया की वैद्यता की जांच संबंधी व्याख्याओं को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने संबंधित सभी जनहित याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की प्रक्रिया पर संदेह करने का कोई कारण नहीं बनता।

मामले पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि प्राइस और ऑफसेट पार्टनर की समीक्षा करना कोर्ट का काम नहीं।

सरकार की निर्णय लेने की प्रक्रिया बिल्कुल सही थी। कोर्ट ने कहा कि फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति के बयान के बाद याचिकाएं दायर की गई जो विचारणीय नहीं हैं।

बता दें कि राफेल सौदे की स्वतंत्र जांच को लेकर कई याचिकायें दायर की गई थीं जिनमें इन लड़ाकू विमानों की खरीद प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे।

### वाशिंग मशीन में फंसकर 4 साल के मासूम की मौत

दुबई (आरएनएस)। अजमान में अपने घर में एक वाशिंग मशीन में फंसने के बाद एक चार साल के बच्चे की मौत हो गई। वाशिंग मशीन में गर्म पानी भरा हुआ था जिसमें बच्चा डूब गया। लड़का अल रवाडा में अपने घर पर अपनी दादी व चाचा के साथ था, तभी अचानक वह लांड्री कमरे की तरफ चला गया। खलीज टाइम्स की पुलिस अधिकारी के हवाले से गुरुवार की रिपोर्ट के मुताबिक, वह फ्रंट लोड वाशिंग मशीन के अंदर चला गया और दरवाजा बंद कर लिया और जिसके बाद मशीन ने धुलाई शुरू कर दी। पुलिस ने कहा कि ऐसा हो सकता है बच्चा उत्सुकतावश वाशिंग मशीन चला गया हो और अंदर फंस गया हो। उन्होंने कहा कि इसके तुरंत बाद मशीन चलने लगी व बच्चा डूब गया। बच्चे को उसकी मां जब उसे उसकी दादी के घर लेने आई तब घटना का पता चला।

### के चंद्रशेखर राव ने ली सीएम पद की शपथ



हैदराबाद (आरएनएस)। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीतने के बाद टीआरएस के नेता के चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को शपथ ग्रहण कर लिया। राज्यपाल ई. एस. एल नरसिम्हन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। केसीआर का यह लगातार दूसरा कार्यकाल है। इससे पहले ऐसी अटकलें आई थीं कि केसीआर इस बार अपने बेटे केटी रामाराव को सीएम पद सौंप सकते हैं लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

शपथ ग्रहण के बाद अब टीआरएस के नवनिर्वाचित विधायकों की तेलंगाना भवन में बैठक होगी, जहां वे केसीआर को अपना नेता चुनेंगे। बता दें कि तेलंगाना में 7 दिसंबर को हुए चुनाव में 119 सदस्यीय विधानसभा में टीआरएस को 88 सीटें हासिल हुई हैं। तेलंगाना में टीआरएस ने समय से पहले विधानसभा भंग करने का दांव आजमाया था जो सही साबित हुआ। इस तरह वह चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी को बुरी तरह परास्त करने में कामयाब रहे।

इस बार यहां कांग्रेस ने टीडीपी के साथ गठबंधन करके टीआरएस को चुनौती देने की कोशिश की लेकिन परिणामों में कांग्रेस काफी पीछे नजर आई। गौरतलब है कि कांग्रेस के साधारण कार्यकर्ता के रूप में लगभग गुमनामी में राजनीतिक सफर की शुरुआत से तेलंगाना गौरव का चेहरा बनने तक के. चंद्रशेखर राव ने राजनीति की तेज लहरों पर बड़े सधे अंदाज में अपनी चुनावी नैया पार की है।

उन्होंने कांग्रेस को झुकने पर मजबूर करके अलग तेलंगाना राज्य के गठन में सफलता भी हासिल की।

### एक-दूसरे से नजर बचाते रहे राहुल व पीएम मोदी


**आपस में अभिवादन भी नहीं हुआ**



नई दिल्ली (आरएनएस)। तीन राज्यों में बीजेपी को मिली शिकस्त के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का आमना-सामना हुआ लेकिन दोनों के बीच न तो कोई अभिवादन हुआ और न किसी तरह की कोई बातचीत हुई। दोनों नेता एक-दूसरे से नजर बचाकर निकल गए। दरअसल, संसद पर 2001 में हुए आतंकी हमले की बरसी पर गुरुवार को परिसर में शहीदों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम रखा गया था। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष अपने घर से शहीदों को श्रद्धांजलि देने संसद पहुंचे थे। उधर प्रधानमंत्री मोदी भी कैबिनेट मंत्रियों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) चेयरपर्सन सोनिया गांधी और पीएम मोदी भी एक-दूसरे से नजर बचाते रहे। यहां राज्यसभा सभापति वेंकैया नायडू से लेकर सुमित्रा महाजन, वरिष्ठ बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी समेत दोनों सदनों के सांसद मौजूद थे। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का तो अभिवादन किया लेकिन सोनिया गांधी और राहुल गांधी से आमने-सामने होने के बाद भी उन्होंने कोई अभिवादन नहीं किया और न ही कांग्रेस के उन दोनों नेताओं ने कोई प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और रामदास अठावले ने भी राहुल गांधी से हथ मिलाकर उनका अभिवादन किया। बीते दिनों राहुल गांधी ने संसद के भीतर पीएम मोदी को उनकी सीट पर जाकर गले लगा लिया था।

### जनता और सेना से माफी मांगे राहुल-शाह



नईदिल्ली (आरएनएस)। राफेल मामले पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कहा की राफेल सौदे के संबध में आये सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं तथा यह सत्य की जीत हुई है.

शाह ने कहा कि कांग्रेस देश की आजादी के बाद से एक कोरे झूठ के आधार पर देश की जनता को गुमराह करने का इससे बड़ा प्रयास कभी नहीं हुआ और ये दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाह ने कहा कि देश को गुमराह करने की ऐसी कोशिश पहले कभी नहीं हुई. उन्होंने कहा कि कोर्ट ने माना कि राफेल डील में कोई खामी नहीं थी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ने अपने और अपनी पार्टी के तत्काल फायदे के लिए झूठ का सहारा लेकर चलने की एक नई राजनीति की शुरुआत की।

शाह ने पूछा कि किस आधार पर इतने बड़े आरोप लगाए गए तथा कांग्रेस को इसका सूचना स्त्रोत बताना चाहिए. एक प्रश्न के उत्तर में शाह ने कहा कि सरकार राफेल मामले को लेकर सदन में चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस को चर्चा के लिए जितना समय चाहिए हम उसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कांग्रेस को देश की जनता व सेना से माफी मांगनी चाहिए।

### कार खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत, 3 घायल



जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में गुरुवार की देर रात शादी समारोह से वापसी के दौरान कार दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सुजानधर गांव के पास गुरुवार की देर रात एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरी जिससे कार में सवार सात लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बाचाव कार्य शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### राम की मूर्ति का साइज कम कर सीता की भी लगाएं मूर्ति

**कांग्रेस नेता कर्ण सिंह का योगी को पत्र**



अयोध्या (आरएनएस)। अयोध्या में भगवान राम की सबसे ऊंची मूर्ति को लेकर हाल ही में चर्चा जोरों पर थी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछले महीने ही मूर्ति के लिए पांच फर्मों का प्रेजेंटेशन देखा था और डिजाइन को फाइनल किया था। अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने सीएम योगी को पत्र लिखकर राम के बगल में सीता की मूर्ति भी लगाने का सुझाव दिया है।

कर्ण सिंह ने पत्र में लिखा, पिछले हफ्ते मैं सिमरिया में मोरारी बापू के एक कार्यक्रम में गया। यह मिथिला की भूमि थी और यहां मुझे एक विचार आया जिसे मैंने मंच पर भी रखा और आपसे भी कह रहा हूं। मिथिला सीता माता की भूमि है, यहीं उनका भगवान राम से विवाह हुआ और अयोध्या जाने के बाद उन्हें 14 साल वनवास झेलना पड़ा। वनवास के दौरान उनका अपहरण हुआ, श्रीलंका में बंदी बनाकर रखा गया। उन्होंने आगे लिखा, इन सब को याद कर मेरे दिल में एक सुझाव आया है कि जब अयोध्या में भगवान राम की भव्य मूर्ति बनाने का निर्णय लिया गया है, तो उसकी ऊंचाई आधी करके राम और सीता की युगल प्रतिमा लगाई जाए। मुझे विश्वास है कि आप मेरे सुझाव को स्वीकार करेंगे। बता दें कि अयोध्या में प्रस्तावित प्रतिमा की ऊंचाई 151 मीटर होगी। 50 मीटर का उसका पेडेस्टल होगा। वहीं 20 मीटर का प्रतिमा का छत्र होगा। इस प्रकार प्रतिमा की कुल ऊंचाई 221 मीटर होगी। फिलहाल दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा गुजरात में बनी 182 मीटर की सरदार बल्लभ भाई पटेल की है। इसको बनाने वाले कलाकार राम सुतार भी प्रेजेंटेशन के दौरान मौजूद थे।

### फ्लाइट में महिला से छेड़खानी के दोषी भारतीय को 9 साल की सजा

वाशिंगटन (आरएनएस)। विमान के भीतर महिला सहयात्री का यौन उत्पीड़न करने के दोषी तमिलनाडु के रहने वाले भारतीय पेशेवर को गुरुवार को नौ साल कैद की सजा सुनाई गई। एच-1बी वीजा पर 2015 में अमेरिका आए प्रभु राममूर्ति को सजा खत्म होने के बाद भारत वापस भेज दिया जाएगा। डेट्रॉयट की संघीय अदालत ने कहा कि उसने भारतीय नागरिक को नौ साल कैद की सजा सुनाई है। जज टेरेंस बर्ज ने आशा जताई है कि यह अन्य लोगों को ऐसा अपराध करने से रोकने के लिए पर्याप्त होगा। संघीय अभियोजकों ने राममूर्ति को 11 साल कैद की सजा देने की मांग की थी। सजा की घोषणा होने के बाद अमेरिकी अटॉर्नी मैथ्यू शिंडर ने कहा, ''विमानों में यात्रा करने के दौरान सभी को सुरक्षित रहने का अधिकार है। हम किसी के भी ऐसे व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो कमजोर अवस्था वाले पीड़ित का फायदा उठाए। हम इस मामले में आगे आने के लिए पीड़िता के साहस की प्रशंसा करते हैं।'' राममूर्ति को इस मामले में अगस्त में दोषी ठहराया गया था।

### भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक 11-12 जनवरी को दिल्ली में होगी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में भाजपा देश के विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी के अलग अलग मोर्चे की बैठक आयोजित करेगी। साथ ही 11..12 जनवरी को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक भी बुलायेगी। भाजपा महासचिव भूपेन्द्र यादव ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से इसका ब्यौरा साझा किया । इन बैठकों में अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक 19..20 जनवरी को नागपुर में होगी जिसमें अमित शाह हिस्सा लेंगे । यादव ने कहा, '' 11 और 12 जनवरी 2018 को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद् का अधिवेशन होगा जिसमें पार्टी के पदाधिकारी और सभी जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।'' पार्टी पदाधिकारियों की बैठक के बाद यादव ने कहा कि भाजपा की अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक 2..3 फरवरी को भुवनेश्वर में होगी जबकि ओबीसी मोर्चा की बैठक 15..16 फरवरी के पटना में होगी। पार्टी महासचिव ने कहा कि पदाधिकारियों की बैठक में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय के बारे में चर्चा नहीं हुई यह बैठक के एजेंडे में शामिल नहीं था।

### हेलीकॉप्टर से आई दुल्हन, देखने उमड़ी हजारों की भीड़



मेरठ (आरएनएस)। दादरी से ब्याह कर मेरठ की ईशापुरम कॉलोनी निवासी डॉ. दिनेश अपनी दुल्हन पूजा को हेलीकॉप्टर से लेकर घर पहुंचे। नवदंपति को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर तैनात पुलिस फोर्स ने लैंडिग के बाद किसी तरह भीड़ को संभालते हुए नवदंपति को घर पहुंचाया।

ईशापुरम कॉलोनी में सेना से रिटायर्ड सूबेदार वीरपाल सिंह परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार को उनके बड़े बेटे डॉ. दिनेश की शादी दादरी निवासी डॉ. पूजा से हुई। दिनेश दिल्ली रोहिणी के एक अस्पताल में फिजिशियन हैं। पूजा भी प्राइवेट अस्पताल में बीडीएस डॉक्टर हैं। बुधवार दोपहर करीब दो बजे पूजा विदा होकर पति दिनेश के साथ हेलीकॉप्टर से ईशापुरम कॉलोनी पहुंचीं। दुल्हन के हेलीकॉप्टर में आने की सूचना पर पहले से ही हजारों लोग एकत्र हो गए। मौके पर गंगानगर व इंचैली पुलिस समेत फायर ब्रिगेड एवं स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस और डॉक्टर मौजूद रहे। हेलीकॉप्टर से जैसे ही नवदंपति उतरा तो लोग उनकी ओर दौड़ पड़े। पुलिस ने कड़ी मशक्क्त कर भीड़ को हटाया। इसके बाद परिजन बहू को लेकर वहां से चले गए। पिता वीरपाल सिंह और मां सीमा ने बताया कि बेटे की इच्छा थी कि वह अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर से घर लेकर आए। स्काई ड्रॉप स्कोप कंपनी से हेलीकॉप्टर के लिए डील की गई। दादरी से मेरठ लाने के लिए तीन लाख रुपये का खर्चा हुआ है।